प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी, कई जिलों में पारा पांच डिग्री के करीब पहुंचा

शीतलहर ने चूरू में लोगों को ठिठुराया, स्कूलों में बच्चों की छुट्टियां 10 जनवरी तक बढ़ाई

चूरू में पड़ रही तेज सर्दी के कारण पेड़-पौधों की पत्तियों पर ओस की बूंदें जम गई।

दौसा में लोगों ने अलाव जलाकर सर्दी से बचाव किया।

चूरू, (निसं)। प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी है। गुरूवार को चूरू में न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री व अधिकतम तापमान 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। क्षेत्र में इन दिनों हाड़ कंपा देने वाली ठंड पड़ रही है। जिला प्रशासन ने शीतलहर को देखते हुए स्कूली विद्यार्थियों की छुट्टियां 10 जनवरी तक बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार गुरूवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही और पेड़-पौधों की पत्तियों पर ओस की बूंदें जम गई। बुधवार शाम से ही बर्फीली हवाओं ने लोगों को ठिठुराकर रख दिया और देर रात तक घना कोहरा छा गया। बुधवार की तुलना में गुरुवार को न्यूनतम तापमान में 1.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। कड़ाके की सर्दी से राहत पाने के लिए लोगों ने अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लिया। चाय की दुकानों पर भीड़ देखी गई।

- **चूरू में सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही**

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में आगामी एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अगले दो-तीन दिनों तक राज्य के कुछ हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा और ठंड़ा दिन रहने की संभावना है। घने कोहरे के कारण ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

कोहरे से पहियों की रफ्तार थमी

दौसा, (निसं)। दौसा में सर्दी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। घना कोहरा, शीतलहर और कोल्ड डे जैसी परिस्थितियों के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लगातार गिरते तापमान और ठंडी हवाओं ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि दिन में भी रात जैसी सर्दी महसूस की जा रही है। वहीं दूसरी ओर भीषण कोहरे के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों के पहिये थम गये हैं तथा रेलमार्ग भी पूरी तरह से प्रभावित हो गया है।

उल्लेखनीय है कि सर्दी के तीखे तेवर व घने कोहरे के चलते दौसा जिले में जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। शीतलहर से लोगों में धूंजणी लगी हुई है, लोग सर्दी से बचाव के लिए अलाव ताप रहे हैं। उधर सर्दी एवं घना कोहरा का असर राष्ट्रीय राजमार्ग एवं रेल मार्ग पर भी पडा है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौपहिया वाहनों की रफ्तार भी थम गई है तथा चौपहिया वाहनों को दिन में भी लाईट जलानी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर रेल मार्ग भी प्रभावित हुआ है, अधिकांश ट्रेनें अपने निर्धारित समय से तीन से चार घंटे देरी से पहुंच रही है।

डिस्कॉम सतर्कता दल पर महिलाओं ने हमला किया

झीपासनी गांव में मीटर उखाड़ने पहुंचे दल पर हमला किया

जोधपुर, (कासं)। निकटवर्ती करवड़ स्थित झीपासनी गांव में जोधपुर डिस्कॉम के सतर्कता दल पर हमला हो गया। गांव में एक परिवार की कुछ महिलाओं और बुजुर्ग व्यक्ति ने राजकार्य में बाधा उत्पन्न की। मीटर उखाड़ने पहुंचे दल पर महिलाओं ने बबूल की डंडियों से हमला कर भगा दिया। घटना को लेकर एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। हालांकि इस बारे में बुधवार को पुलिस में मामला दर्ज कराया जा चुका है।

करवड़ पुलिस के अनुसार जोधपुर डिस्कॉम के कनिष्ठ अभियंता कमल किशोर भाटी सतर्कता दल में कार्यरत हैं। वे बुधवार दोपहर 12 से एक बजे के बीच में टीम के साथ झीपासनी गांव में घरेलू उपभोक्ता के बिजली चोरी की सूचना पर दबिश देने मौके पर गए थे। तब मकान मालिक धन्नाराम पुत्र सुरजाराम जाट और उसके परिजनों ने पहले विरोध जताया। उन्होंने कार्रवाई करनी चाही, तब घर की महिलाओं ने बबूल की लकड़ियों से हमला बोल दिया और पीटने के साथ भगा दिया। खुद धन्नाराम जाट भी डिस्कॉम टीम का विरोध करने लगे। बाद में जैसे-तैसे उन्हें बिना कार्यवाही के निकलना पड़ा। जेइएन कमल किशोर भाटी की तरफ से राजकार्य में बाधा डाले जाने का प्रकरण दर्ज कराया है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि महिलाएं किस तरह से कार्रवाई का विरोध जताने के साथ मारपीट पर उतारू हुई। फिलहाल पुलिस वीडियो और दर्ज केस के आधार पर जांच में जुटी है।

- **घटना को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, मामला दर्ज**

बाइक चोरी के प्रकरण दर्ज

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट में गत 24 घंटों में बाइक चोरी के चार प्रकरण दर्ज हुए हैं। चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड थाने में दी रिपोर्ट में शिव कॉलोनी चांदणा भाखर निवासी रूचिर दायमा ने पुलिस को बताया कि 6 जनवरी को डीपीएस चौराहा के निकट से उसकी बाइक चोरी हो गई। दूसरी तरफ प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि भूरटिया सूरसागर क्षेत्र में रहने वाले मदनलाल विश्नोई बंगाली क्वार्टर प्रतापनगर क्षेत्र में आया हुआ था। जहां से उसकी बाइक कोई चुरा ले गया। इधर करवड़ थाने में दी रिपोर्ट में मंडलनाथ चौराहा निवासी चैनाराम प्माली ने पुलिस को बताया कि दईजर गांव से उसकी बाइक चोरी हो गई। वहीं भोपालगढ़ के देवातड़ा निवासी राणाराम पुत्र मुल्तानराम मेघवाल बसंत विहार बनाड़ आया था, जहां से बाइक कोई चुरा ले गया।

डीजल टैंकर में छिपाकर लाई जा रही 40 लाख रुपये की शराब पकड़ी

पंजाब से राजस्थान होते हुए गुजरात ले जाई जा रही थी शराब, पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार किया

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिले की सादुलशहर थाना पुलिस और बीकानेर रेंज स्पेशल टीम ने देर रात को कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी है। यह शराब भारत पेट्रोलियम के डीजल टैंकर में छिपाकर पंजाब से राजस्थान होते हुए गुजरात लेकर जाई जा रही थी, जो पंजाब-राजस्थान बॉर्डर पर पतली चेक पोस्ट पर पकड़ी गई। टैंकर से शराब की 322 पेटियां मिली है, जिनकी मार्केट कीमत 40 लाख रुपए से ज्यादा आंकी गई है। पुलिस ने टैंकर ड्राइवर को गिरफ्तार कर टैंकर जब्त कर लिया है।

सादुलशहर थानाधिकारी मलकीत सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से पुलिस को खुफिया सूचना मिल रही थी कि पंजाब से गुजरात की ओर बड़ी खेप में अंग्रेजी शराब की सप्लाई हो रही है। इस पर टीम अलर्ट हो गई और पंजाब-राजस्थान बॉर्डर के पतली चेक पोस्ट पर नाकाबंदी की गई। देर रात पंजाब की ओर से आते एक भारत पेट्रोलियम डीजल टैंकर को संदेह होने पर रोका गया। ड्राइवर से पूछताछ की तो वह घबरा गया और कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। शक होने पर टैंकर की तलाशी ली गई तो डीजल की जगह भारी मात्रा में शराब की पेटियां भरी मिली।

पुलिस ने टैंकर से 322 पेटियां बरामद की। इनमें 252 पेटी रॉयल स्टैग व्हिस्की, 70 पेटी बियर और अन्य अंग्रेजी शराब शामिल है। पूरी खेप की बाजार कीमत 40 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरेश (26) निवासी रामसरिया बायतु (बाड़मेर) के रूप में हुई है। वह टैंकर ड्राइवर था। पुलिस ने टैंकर को भी सीज कर लिया है। फिलहाल आरोपी से सख्ती से पूछताछ की जा रही है, ताकि शराब सप्लाई के पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

राजस्थान हाईकोर्ट ने गरीब कैदियों के लिए पैरोल पर नई गाइडलाइन जारी की

कैदी की आर्थिक स्थिति देखकर ही बॉण्ड की शर्त तय की जाए : हाईकोर्ट

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक कैदी की चिठ्ठी को रिट याचिका मानते हुए अहम फैसला सुनाया है। जोधपुर मुख्य पीठ ने स्पष्ट किया कि गरीबी कोई गुनाह नहीं है। कोर्ट ने पैरोल पर रिहाई के लिए गरीब कैदियों से जमानती मांगने के अधिकारियों के द्वारा यांत्रिक रवैये (मशीनी रवैया या मशीन की तरह व्यवहार करने) पर कड़ी नाराजगी जताई है। जस्टिस अरुण मोंगा और जस्टिस फरजंद अली की खंडपीठ ने अपने रिपोर्टेबल जजमेंट में भविष्य के लिए नई गाइडलाइन जारी करते हुए कहा कि कैदी की आर्थिक स्थिति देखकर ही बॉण्ड की शर्त तय की जाए।

यह मामला सेंट्रल जेल जोधपुर में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी खरताराम से जुड़ा है। कोर्ट ने उसकी चिठ्ठी को ही रिट याचिका मानते हुए यह फैसला सुनाया है। इसमें न सिर्फ खरताराम को राहत दी गई है, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए छह सूत्रीय गाइडलाइन भी जारी की है। गत वर्ष छह दिसंबर को कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। अब छह जनवरी को कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाया।

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने एक कैदी की चिठ्ठी को रिट याचिका मानते हुए फैसला सुनाया**

गौरतलब है कि पाली जिले का रहने वाला खरताराम हत्या के मामले में साल 2014 से सजा काट रहा है। गत वर्ष 29 सितंबर को जिला पैरोल कमेटी ने उसे चौथी बार 40 दिन के नियमित पैरोल पर रिहा करने का आदेश दिया लेकिन, कमेटी ने रिहाई के लिए 25-25 हजार रुपए के दो जमानती पेश करने की शर्त लगा दी। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर और गरीब होने के कारण खरताराम यह शर्त पूरी नहीं कर सका। वकील करने के पैसे नहीं थे, इसलिए उसने जेल से ही पोस्टकार्ड भेजकर हाईकोर्ट से गुहार लगाई। कोर्ट ने पाया कि यह चौथा मौका है, जब इस कैदी को सिर्फ जमानती न दे पाने की वजह से हाईकोर्ट आना पड़ा है। इससे पहले साल 2019, 2020 और 2022 में भी उसे पैरोल मिला था, लेकिन तब भी अधिकारियों ने जमानती की शर्त लगा दी थी। उन तीनों मौकों पर हाईकोर्ट ने शर्त हटाकर उसे निजी मुचलके पर रिहा किया था। इसके बावजूद अधिकारियों ने चौथी बार फिर वही शर्त थोप दी।

कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा कि यह एक परेशान करने वाला पैटर्न है। कैदी को अपनी गरीबी के कारण चौथी बार कोर्ट आना पड़ा है। यह अधिकारियों की संस्थागत उदासीनता (सिस्टम की बेपरवाही) को दर्शाता है। पैरोल एक सुधारात्मक अधिकार है, इसे अमीर और गरीब के बीच भेदभाव का जरिया नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने आगे टिप्पणी में लिखा कि अगर कोई कैदी गरीब है और जमानती नहीं ला सकता, तो उससे जमानती मांगना उसे पैरोल देने से मना करने जैसा ही है। पैरोल केवल पैसे वालों का विशेषाधिकार नहीं हो सकता। कोर्ट ने खरताराम की याचिका स्वीकार करते हुए जिला पैरोल कमेटी के आदेश (25-25 हजार के दो जमानती की शर्त) को रद्द कर दिया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को 50 हजार रुपए के निजी मुचलके पर पैरोल पर रिहा किया जाए।

सूने मकान से 15 तोला सोना चोरी

जोधपुर, (कासं)। शहर के शंकर नगर में रहने वाले एक बैंक कर्मचारी के सूने मकान में चोरों ने सैंध लगाकर तकरीबन 15 तोला सोने और कुछ चांदी के आभूषण चोरी कर लिए।

चौहोबो थानाधिकारी ईश्वरचंद पारिक ने बताया कि मामले में पालीवाल पेट्रोल पंप के पीछे शंकर नगर निवासी आशीष कांत पुत्र दिनेशचन्द्र गौतम ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वे मूल रूप से उत्तरप्रदेश के हैं। उनकी पत्नी उत्तरप्रदेश गई हुई थी। वे उसे लेने के लिए 4 जनवरी को उत्तरप्रदेश गए थे। वापस लौटे तो पता लगा कि ताले टूटे पड़े हैं। चोरों ने अलमारी और तिजौरी से 12-15 तोला सोने के आभूषण के साथ चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए।

दुकान विवाद में हुए खूनी संघर्ष के चार नामजद आरोपी गिरफ्तार

अजमेर, (कासं)। दुकान विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष मामले में दरगाह थाना पुलिस ने को चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दरगाह परिसर में फूल और चादर की एक दुकान को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद में 30 दिसंबर को हुई हिंसक झड़प में पन्नीग्राम चौक निवासी खादिम सैयद तालिब हुसैन और एक जायरीन घायल हो गए थे।

पुलिस के अनुसार प्रकरण में तालिब हुसैन की रिपोर्ट पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए सोमलपुर से चार आरोपियों सैयद नावेद उर्फ अरबाब व सैयद जुनैद बालीबाला पुत्र सैयद इकबाल बालीबाला कुदरत मंजिल खादिम मोहल्ला, पाकिर चिश्ती पुत्र सैयद यासिर चिश्ती निवासी खादिम मोहल्ला और हसनेन चिश्ती पुत्र सैयद अली अहमद चिश्ती निवासी ख्वाजा चौक देशवाली मोहल्ला दरगाह अजमेर को गिरफ्तार कर पूछताछ कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार दरगाह परिसर में दुकान नंबर 8 दरगाह कमेटी ने 1978 में तालिब की दादी के नाम आवंटित की थी। 1985 में इंतकाल के बाद यह दुकान बड़े बेटे के नाते सैयद गौसुल इस्लाम के नाम दर्ज हुई। रिश्तेदारी के चलते दूसरे पक्ष को साझेदारी में बारी-बारी से संचालन की अनुमति दी गई, लेकिन तीन वर्षों से एक पक्ष दुकान चला रहा था और बारी देने से इनकार कर रहा था। पीड़ित के अनुसार 2022 में लीगल नोटिस और समझौते के बावजूद विवाद नहीं सुलझा, जबकि धमकियों की शिकायतें भी पूर्व में दी गई थीं। तालिब के मुताबिक हमलावरों ने पहले रास्ते में घेरकर वार किए। जान बचाने के लिए वह मोहम्मदी गेस्ट हाउस में घुस आए, लेकिन वहां भी पीछा कर मारपीट की गई। तालिब का आरोप था कि हमलावरों ने गले पर चाकू से वार करने की कोशिश की थी।

युवक गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे कुछ युवकों को पकड़ा और जुआ अधिनियम में केस दर्ज किया। एयरपोर्ट थाने के एएसआई शिवदानराम ने शिकारगढ़ डिगाड़ी रोड पर गुब्बाखाई कर रहे सांवरलाल को गिरफ्तार किया। सदर बाजार थाने के हैड कांस्टेबल रतन सिंह ने गुब्बाखाई कर रहे नासिर खान को पकड़ा। बोरानाड़ा थाने के हैड कांस्टेबल अरविंद कुमार ने बोरानाडा क्षेत्र में नदीम को गिरफ्तार किया।

विक्षिप्त युवक ने हाईटेंशन लाइन के तारों पर झूलते हुये ड्रामा किया

रेस्क्यू टीम ने युवक को नीचे उतारा तो ऊंचाई से गिर गया, जिसे लोगों ने बचा लिया

दौसा, (निसं)। कोतवाली पुलिस थाना के समीप बुधवार रात्रि को एक विक्षिप्त युवक ने हाईटेंशन लाइन के तारों पर झूलते हुये दो घंटे तक ड्रामा किया, जिसके चलते कोतवाली पुलिस के हाथ-पांव फूल गये। इधर रेस्क्यू टीम ने भारी मशक्कत के बाद युवक को नीचे उतारा, नीचे उतारते वक्त युवक काफी ऊंचाई से गिर गया, जिसे लोगों की मदद से बचा लिया। वहीं दूसरी ओर कोतवाली पुलिस युवक को श्री रामकरण जोशी राजकीय जिला चिकित्सालय लेकर पहुंची जहां प्रारंभिक जांच के बाद चिकित्सकों ने उसकी छुट्टी कर दी। छुट्टी होने के साथ की कोतवाली पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया, जिसे गुरुवार को जमानत के बाद छोड़ दिया।

विक्षिप्त युवक ने हाईटेंशन लाइन के तारों पर झूलते हुये दो घंटे तक ड्रामा किया।

जानकारी के अनुसार फतेहपुर जिला यूपी निवासी बुधवार को तकरीबन साढे 8 बजे कोतवाली थाना पहुंचा तथा ठेकेदार पर मजदूरी नहीं देने का आरोप लगाने लगा। इस पर कोतवाली पुलिस ने उसकी मानसिक स्थिति को देखते हुये सुबह आने को बोल दिया। इधर युवक घर ना जाकर हाईटेंशन के विद्युत पोल पर चढ़ गया। लोगो ने तत्काल कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। कोतवाली पुलिस युवक को समझाने व नीचे उतारने के लिए पोल के पास पहुंची तो युवक ओर उपर चढ़ने लग गया। इस पर कोतवाली पुलिस ने सजगता दिखाते हुये विद्युत आपूर्ति को तत्काल बंद कराया। आपूर्ति बंद होने के साथ ही युवक हाईटेंशन के तारों पर झूलने लग गया। इस दौरान कोतवाली पुलिस ने उसे समझाईश के काफी प्रयास भी किये। युवक के नहीं उतरने पर तत्काल रेस्क्यू टीम को मौके पर बुलाया गया। रेस्क्यू टीम ने नीचे जाल बांध दिया तथा दो जने क्रेन की मदद से उपर चढ़ गये। आखिरकार दो घंटे की कडी मशक्कत के बाद युवक को जकड़ लिया तथा उसे नीचे की ओर खींचने लगे। युवक नीचे लगे जाल पर गिर गया। नीचे गिरते ही कोतवाली पुलिस के जवानो ने उसे दबोच लिया तथा सीधे उसे चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सको ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार आज कोर्ट में पेश किया, जहां न्यायालय ने उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

कोतवाल भगवान सहाय शर्मा ने बताया कि युवक मानसिक रुप से विक्षिप्त था, विद्युत पोल पर चढ़ गया। उसके बाद तारों पर झूलता रहा। जिसे सुरक्षित नीचे उतारकर परिजनों को सूचना दी गई। युवक को शांतिभंग में गिरफ्तार का कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया है। युवक सुरक्षित है।

दीक्षांत समारोह में 35 विद्यार्थियों को स्वर्ण तथा 29 को विद्या वाचस्पति की उपाधि दी

बांसवाड़ा, (निसं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने गुरूवार को गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षांत समारोह शिरकत की। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2025 की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 35 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 29 शोधार्थियों को विद्या वाचस्पति उपाधि प्रदान की गई।

दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल बागड़े ने रावलपिंडी की वीरांगना की कहानी सुनाई तो सभागार करतल ध्वनि से गूंज उठा। साथ ही उन्होंने मेकाले द्वारा दी गयी शिक्षा पद्धति के खत्म नहीं होने पर दु:ख व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अब नई शिक्षा नीति शिक्षा, संस्कार और रोजगार जागृत करेगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिससे व्यक्ति का सर्वांगीण विकास हो सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा सामाजिक, आर्थिक एवं वैचारिक क्रांति का शंखनाद करने की क्षमता रखती है। इसके माध्यम से समाज में समरसता, बंधुत्व और राष्ट्रीय एकता का संचार किया जा सकता है, जो सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वहां राह चलता बच्चा भी राष्ट्र की रक्षा के लिये तैयार रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझते हुए कार्य करने का आव्हान किया।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कार्यक्रम में स्वर्ण पदक व पीएचडी की उपाधि प्रदान की।

उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संदेश देते हुए राज्यपाल ने कहा कि उपाधि केवल औपचारिक प्रमाण-पत्र नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण का अवसर और जीवनचर्या में ज्ञान को क्रियान्वित करने का संकल्प है। बागड़े ने विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यदि कहीं गुणात्मक शिक्षा का अभाव दिखाई देता है, तो उसे दूर करने के लिए प्रारंभिक शिक्षा के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। मजबूत नींव पर ही उत्कृष्ट शैक्षणिक व्यवस्था का निर्माण संभव है।

- **शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिससे व्यक्ति का सर्वांगीण विकास हो सकता है : राज्यपाल बागड़े**

दीक्षांत समारोह के अवसर पर शिक्षा, संस्कृति उत्थान प्रयास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कहा कि सुख-सुविधा मिलने चाहिए लेकिन दृश्टि में चुनौतियों का समाधान भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं रहना चाहिए और शोध भी आवश्यकतानुसार होना चाहिए क्योंकि यह प्रायोगिक कार्य है। उन्होंने कहा कि समाज और देश के लिये यदि योगदान नहीं दे पायेंगे तो वह शोध किसी काम का नहीं। उन्होंने बताया कि वर्षों का सपना था कि मेकाले की शिक्षा पद्धति को तीलांजलि देनी चाहिए और नई शिक्षा नीति ने यह कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि देश को बदलना है तो शिक्षा में बदलाव करना होगा।